# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)
Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक—5226 /सि0वि0वि0/प0सा0/2025 दिनांक 09/10/2025

अनुस्मारक—4

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या**
**सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,**
**जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।**

विषय— उपाधि वितरित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या— 5049 /सि0 वि0 वि0 /प0सा0/ 2025 दिनांक 06—05—2025 व पत्र संख्या— 5088/सि0 वि0 वि0/ प0सा0/2025 दिनांक 02—06—2025,पत्र संख्या—5116/सि0वि0 वि0/ प0सा0/2025 दिनांक 10—06—2025 एंव पत्र संख्या—5214/सि0वि0 वि0/प0सा0/2025 दिनांक 25—09—2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके द्वारा विश्वविद्यालय के **वर्ष 2022, 2023 व 2024** की मुद्रित उपाधियां परीक्षा सामान्य अनुभाग से नियमानुसार प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उक्त उपाधियां अभी तक प्राप्त नहीं की गयी है, जोकि बेहद खेदजनक है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि छात्रहित मे जिन महाविद्यालयों द्वारा उपाधियां अभी तक प्राप्त नही की गयी है वह महाविद्यालय उपाधि प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र/अभिलेख प्रस्तुत कर प्राप्त कर ले। यदि किसी छात्र की उपाधि महाविद्यालय द्वारा वितरित नही की जाती है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र—छात्राओं को सूचित कराना सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक